पर्यावरणीय जन–सुनवाई के कार्यवृत (Minutes)

"गडावासन क्वार्ट्ज मांईनिग प्रोजेक्ट" (प्रो. श्री नरपत सिंह चारण) एम.एल.नं. 01/2023 (क्षैत्रफल 1.3592 हैक्टेयर), (क्लस्टर क्षेत्रफल 6.3118 हैक्टेयर), की पर्यावरण संबंधी जनसुनवाई दिनांक 16.04.2025 प्रातः 11:30 AM बजे, ग्राम गडावासन, तहसील– सागवाड़ा, जिला– डूंगरपुर में आयोजित पर्यावरणीय जन–सुनवाई का कार्यवाही विवरण :–

स्थान– राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम गडावासन, तहसील– सागवाड़ा, जिला– डूंगरपुर (राज.)

पर्यावरणीय जनसुनवाई में निम्न अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई–

1. **श्री दिनेश चन्द धाकड़, अतिरिक्त जिला कलक्टर, जिला– डूंगरपुर**
2. **श्री रवि चंदेल, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बांसवाडा**
3. **श्री शिव दयाल धाकड़, कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बांसवाडा**

जन सुनवाई प्रारम्भ होने से पूर्व श्री दिनेश चन्द धाकड़, अतिरिक्त जिला कलक्टर, जिला– डूंगरपुर की अध्यक्षता में श्री रवि चंदेल क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बांसवाडा द्वारा उपस्थित आमजन का स्वागत करते हुए तथा जन सुनवाई के संबंध में नियमो की जानकारी देते हुए कहा की यह जन सुनवाई भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसुचना दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसुचना दिनांक 01.12.2009 के प्रावधानो के अनुरूप राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बांसवाडा के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। उक्त जनसुनवाई के लिए नियमानुसार 30 दिन पूर्व आमसूचना स्थानीय अखबार दैनिक नवज्योति एवं द इण्डियन एक्सप्रेस में दिनांक 13.03.2025 को प्रकाशित करवा दी गई थी। इसके अतिरिक्त दिनांक 15.04.2025 को आमजन को सूचना हेतु जन सुनवाई की तारीख, स्थान, समय के बारे में मुनादी करवा दी गयी थी।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बाँसवाडा (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
डूंगरपुर

यह जनसुनवाई **"गडावासन क्वार्ट्ज मांईनिग प्रोजेक्ट "** द्वारा प्रस्तावित मेसनरी स्टोन खनन परियोजना (खनन पट्टा संख्या 01/2023 लीज क्षेत्र 1.3592 हैक्टेयर, प्रस्तावित मेसनरी स्टोन उत्पादन क्षमता 87061 TPA (ROM) क्लस्टर के अन्तर्गत सभी खनन पट्टो को शामिल करते हुए कुल क्लस्टर क्षेत्र 6.3118 हैक्टेयर, प्रस्तावित कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता 323745 TPA ग्राम गडावासन, तहसील– सागवाड़ा, जिला– डूंगरपुर (राज.) स्थित प्रस्तावित परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् आयोजित की गई है।

उद्योग के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा परियोजना के बारे में जो जानकारी दी जावेगी उसे ध्यानपूर्वक सुनें तत्पश्चात आपको यदि इसके बाबत् कोई सुझाव/शिकायत हो तो कृपया सबसे पहले अपना परिचय दें जिसमे आपका नाम तथा गांव का नाम बतायें साथ ही अपना सुझाव/शिकायत जो भी हो लिखित अथवा मौखिक जैसा आप उचित समझे हमे दे सकते है।

इस जनसुनवाई के दौरान आप द्वारा जो भी सुझाव/शिकायत की जावेगी चाहे वह लिखित हो या मौखिक हो उसे हम कलमबद्ध करेंगे तथा जनसुनवाई की कार्यवाही की विडियोग्राफी भी ली जा रही है। इसकी सी.डी./डी.वी.डी. के अनुरूप कार्यवृत बनाये जायेंगे। जिसको राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) जयपुर को प्रेषित करेंगे क्योंकि इस इकाई को संदर्भ की शर्त (TOR) दिनांक 06.08.2024 को इस कमेटी द्वारा जारी की जा चुकी है एवं उसमें वर्णित समस्त शर्तो की उद्योगो द्वारा पालना की जा रही है या की जायेगी जिसकी संपूर्णता सुक्षमता से जांच कर पर्यावरण स्वीकृति पत्र जारी करने की कार्यवाही करेंगे।

लोक जनसुनवाई में उपस्थित क्षेत्र के पधारे हुए अधिकारी, ग्रामीण एवं जन प्रतिनिधि सदस्यों की सूची (संलग्नक "1" में संलग्न) हैं।

उपरोक्त के पश्चात इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार (मैसर्स एन एस एनवायरोटेक लैबोरेटरीज एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर (राज.)) द्वारा उक्त इकाई के संबंध में तैयार की गई ई.आई.ए. रिपोर्ट संबंधित बनायी गयी कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी दी गई।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बाँसवाडा (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
डूंगरपुर

कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी के पश्चात श्री रवि चंदेल, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बांसवाडा द्वारा उपस्थित आमजन को अपने आक्षेप, सुझाव, शिकायते रखने हेतु आंमत्रित किया गया जो कि निम्नानुसार है :–

श्री अजीत सिंह राव, उप सरपंच, ग्राम गडवासन :– ने धुल के कणों को दबाने के लिए समय समय पर पानी का छिडकाव करने का सुझाव दिया और गाँव के सभी लोगो को रोजगार मिलने की बात कही ।

श्री रणजीत, ग्राम गडवासन :– ने कहा कि गाँव के रास्ते चौडे नहीं है गाँव से कोई बड़ा साधन बाहर नहीं जा पाते है पर्यावरण के लिए भी अवैध रुप से पेड़ो की कटाई हो रही है जिस पर कोई पाबंदी नहीं है और गाँव में पानी की समस्या बहुत अधिक है।

श्री सुरेन्द्र सिंह, ग्राम जाखरी :– पिछले वर्षों में आसपास के क्षेत्र में वृक्षारोपण का अच्छा अभियान चलाया गया अब लगाए गए पेड़ों की सुरक्षा की जानी चाहिए तथा पेड़ो को निरंतर पानी देने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

श्रीमती लक्ष्मी, ग्राम गडवासन :– गडवासन के सभी हैंडपंप खराब होने के कारण गावं के लोगो को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

इस के पश्चात अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट में कुछ सुझाव और विचार व्यक्त किये, जिस में उन्होंने सुझाव दिया कि सी.एस.आर. को सही तरीके से खर्च किया जाये।

इसके पश्चात अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट जाने पर्यावरणीय सलाहकार से पूछा कि खदान से निकले अपशिष्ट के लिये क्या क्या सावधानियों बरती जायेगी तथा ब्लास्टिंग से निकले हानिकारक प्रदूषण का क्या किया जायेगा । जिसके जवाब में पर्यावरणीय सलाहकार ने बताया कि कोई भी तरल अपशिष्ट नहीं निकलेगा तथा ठोस अपशिष्ट को बहार कर दिया जायेगा तथा ब्लास्टिंग से धूल के अलावा कोई भी हानिकारक प्रदूषक नहीं निकलेगा ।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट डूंगरपुर ने सुझाव दिया कि सड़कों को सुधारा जाना चाहिए और उनके आसपास पौधे लगाए जाने चाहिए।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बाँसवाडा (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
डूंगरपुर

आज की जनसुनवाई में हम कोई फैसला नहीं ले रहे है बस जो आपकी बातें है उनकी वस्तुस्थिति रिपोर्ट जयपुर संबंधित विभाग को भिजवाई जाएगी।

जनसुनवाई के दौरान समस्त निवासियान, परिक्षैत्र ग्राम पंचायतः– झांखरी, कराड़ा द्वारा दिए गए पत्र की प्रति संलग्नक "2" में संलग्न है।

अन्त में क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा जनसुनवाई के दौरान उपस्थित ग्रामवासियों/व्यक्तियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए श्रीमान् अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट डूंगरपुर की अनुमति से पर्यावरणीय जनसुनवाई की समाप्ति की घोषणा की गई ।

धन्यवाद।

(रवि चंदेल)
क्षेत्रीय अधिकारी,
रा.प्र.नि.म., बांसवाड़ा

(दिनेश चन्द धाकड़)
अतिरिक्त जिला कलक्टर,
जिला– डूंगरपुर

अतिरिक्त जिला कलक्टर
डूंगरपुर

सेवामें,

श्रीमान अतिरिक्त जिला कलेक्टर महोदय
जन सुनवाई शिविर-कैम्प झाँबरी

प्रार्थीगण :- समस्त निवासियान परिक्षैत्र ग्राम पंचायत - झाँबरी, कुराडा,

विषय :- ग्राम पंचायत कराडा, झाँबरी मे चल रही माइनिंग मे नियमों का पालन करवाने के क्रम मे।

महोदयजी,

उक्त विषय मे निवेदन है कि ग्राम पंचायत, झाँबरी, कराडा एवं आस-पास के परिक्षैत्र मे जो भी माईन्स, संचालित हो रही है उसके यहाँ वायु प्रदुषण बढ़ रहा है यहाँ म्वारिज पत्थरी की पिसाई (ग्राइडींग) ब्लास्टिंग होती है इसके बहुत ही छोटी महिन धूल उड़ती रहती है जो आम जन के श्वास (श्वसन) लेने की बीमारी पैदा करती है इससे इस परिक्षैत्र की जनता के स्वास्थ्य का भारी नुकसान होने की पूर्ण सम्भावना है यहा पर पानी का छिड़काव नही किया जाता है पर्यावरण को हो रहे नुकसान की भरपाई हेतु पेड़ पौधे भी नही लगाये जा रहे है। माईन्स संचालकों की भारी लापरवाही एवं अनदेखी के चलते यहाँ के वाशिंदो का जन जीवन संकटमय बन रहा है यहाँ की मिट्टी, पेड़ पौधे सभी प्रभावित हो रहे है।

अतः श्रीमान से निवेदन है कि इन माईन्स संचालकों को पाबन्द करवाना फरमावे की माईनिंग के दौरान पर्यावरण के नियमों का पालन करें।

दिनांक 16.4.25
16.4.025

[signature]

हरिसिंह नारायणसिंह राव
लक्ष्मीदेवी पत्नी रूपसिंह राठौड़
[signature]
हनुमानसिंह सुखलाल
ज्ञानसिंह

संलग्नक : 1

श्री नरपत सिंह चारण, प्रस्तावित गड़ावासन क्वार्टज खनन परियोजना (खनन पट्टा संख्या 01/2023, लीज क्षेत्र 1.3592 हैक्टेयर, प्रस्तावित क्वार्टज उत्पादन क्षमता ROM 87061 TPA) क्लस्टर के अन्तर्गत सभी खनन पट्टो को शामिल करते हुए कुल क्लस्टर क्षेत्र 6.3118 हैक्टेयर, प्रस्तावित कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता 323745 TPA (ROM) निकट ग्राम– गड़ावासन, तहसील–सागवाड़ा, जिला–डुंगरपुर पर्यावरण संबंधी जनसुनवाई बाबत् दिनांक 16.04.2025 को प्रातः 11:30 बजे, में आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारी एवं स्थानीय नागरिकगणः–

क्र.सं.	व्यक्ति का नाम	पता/विभाग का नाम	हस्ताक्षर
1.	दिनेश चंद्र धाकड़	ADM – Dungarpur	[signature]
2.	रवि कुमार चंदेल	RO – RSPCB - Banswara	[signature]
3.	शिव दयाल धाकड़	JEE-RSPCB - Banswara	Shi
4.	श्रीमति लक्ष्मीदेवी परमार	पं.रा.विभाग सरपंच	लक्ष्मीदेवीपरमार
5	श्री राव अजीत सिंह	पं.रा. विभाग उपसरपंच	[signature]
6	श्री हरिसिंह राव	गड़ावासन	हरिसिंह
7	श्री नारायणसिंह	नारायणसिंह राव आंजणा	[signature]
8	श्री प्रवीण सिंह	गड़ावासन	[thumb impression]
9	श्री हेमन्त पाटीदार	राजस्व विभाग पटवारी	[signature]
10	श्री सतीश पाटीदार	सचिव ग्रा.पं. सावली	[signature]
11	श्री प्रेमसिंह राव	[illegible]	[signature]
12	श्री ईश्वर लाल	ईश्वरी	ईश्वर
13	सवजी ख़ुशाल लाल	गड़ावासन	सवजी
14	विनोद चौबीसा	रोजगार सहायक	[signature]
15	गजेन्द्र [illegible]	डूंगरी	गजेन्द्र
16	वासुदेव	डूंगरी	वासु
17	सोहनलाल	डूंगरी (डामोर)	सोहन

क.सं.	व्यक्ति का नाम	पता / विभाग का नाम	हस्ताक्षर
18	अर्जुन मीणा	अर्जुन खाजवा	अर्जुन
19	सवजी प्रजापत	ओखली	सवजी
20	मोती प्रजापत	ओखली	मोती
21	ईश्वर माल	ओखली	ईश्वर
23	नाथू सिंह	रामपुर	
24	जगतसिंह	रामपुर	जगतसिंह
25	गोविन्दसिंह	रामपुर	गोविन्दसिंह
26	रघुमानसिंह	रामपुर	रघुमानसिंह
27	रावतसिंह	रामपुर	रावत
28.	Rohit Pandey	Enviroment consultant	Rohit